हरिभूमि

# सीहोर भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, गुरुवार 30 अक्टूबर 2025

06 कुबेरेश्वर महादेव मंदिर में दिखी बृजधाम की...



09 वेयरहाउस में कब रुकेगी सरकारी पैसे की लूट !...





## खबर संक्षेप

### 31 अक्टूबर को सभी थानों में आयोजित होगी एकता दौड़

**सीहोर।** शासन के निर्देशानुसार सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर 31 अक्टूबर 2025 को प्रदेश के सभी पुलिस थानों में 'एकता दौड़ (Run for Unity)' का आयोजन किया जाएगा। इसका उद्देश्य नागरिकों में एकता, अखंडता और राष्ट्रीय गौरव की भावना को मजबूत बनाना है। इस संबंध में विशेष सशस्त्र बल पुलिस मुख्यालय भोपाल द्वारा आदेश जारी किए गए हैं। राष्ट्रीय एकता दिवस का उद्देश्य देश में एकता, अखंडता और सुरक्षा की भावना को सुदृढ़ करना तथा नागरिकों में समरसता का संदेश फैलाना है। इस अवसर पर सभी पुलिस थाने स्तर पर 31 अक्टूबर की सुबह 8 बजे से 'एकता दौड़' का आयोजन किया जाएगा।

### प्रशासन को पार्किंग व्यवस्थित करानी चाहिए

**सीहोर।** इंदौर-भोपाल हाईवे पर बने बैंकों के पास अपनी पार्किंग नहीं है। बैंक अधिकारी, कर्मचारी और ग्राहक अपने वाहन बैंकों के सामने ही खड़े कर देते हैं। इससे हाईवे पर दिनभर जाम की स्थिति बनी रहती है। सबसे ज्यादा परेशानी बस स्टैंड के सामने होती है। यहां आधी सड़क तक वाहन खड़े रहते हैं। इससे कई बार लंबा जाम लग जाता है। हाईवे पर कई बैंक हैं, लेकिन किसी के पास पार्किंग की व्यवस्था नहीं है। इससे गुजरने वाले वाहनों को निकलने की जगह नहीं मिलती।

### बीएसआई मैदान में आज अंडर 15 क्रिकेट टीम के लिए ट्रायल

**सीहोर।** जिला क्रिकेट एसोसिएशन के तत्वावधान में संभाग स्तरीय प्रतियोगिता के अलावा अन्य प्रतियोगिता के लिए अंडर-15 क्रिकेट टीम का चयन होने जा रहा है। इसके लिए शहर के बीएसआई मैदान पर सुबह नौ बजे ट्रायल का आयोजन किया जाएगा। एसोसिएशन के अध्यक्ष विधायक सुदेश राय के अनुसार एसोसिएशन के सचिव अतुल तिवारी और कोषाध्यक्ष वीरु वर्मा ने अंडर-15 टीम के लिए चयन समिति का गठन किया है। जिसमें रविन्द्र यादव, अभिषेक परसाई, कमलेश पारोचे, आशीष शर्मा, अमित शर्मा, सुनील जलोदिया, सतीशचंद्र लारा को शामिल किया गया है। एसोसिएशन के मीडिया प्रभारी प्रियांशु दीक्षित ने बताया कि सुबह नौ बजे आयोजित ट्रायल में सीहोर जिले के आष्टा, नसरुल्लागंज, बुधनी, इछावर, जावर, श्यामपुर, अहमदपुर सहित आस-पास के क्षेत्र के इच्छुक खिलाड़ियों को शामिल किया जाएगा। उन्होंने बताया कि वे खिलाड़ी अंडर-15 में आते है वे ही ट्रायल के लिए पात्र होंगे।

---

हजारों आदिवासियों ने भैरूंदा की सड़कों पर किया प्रदर्शन, पूर्व मुख्यमंत्री व केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान भी हुए शामिल

# शिवराज सिंह बोले : पुराने कब्जाधारी आदिवासी परिवार नहीं छोड़ेंगे जमीन, मैं उनके साथ खड़ा हूं

### भैरूंदा नगर रोड सेमलपानी जोड़ से दशहरा मैदान पैदल रैली निकाली, हाथों में तखती लिए नारे लगाए

हरिभूमि न्यूज ⏭ भैरूंदा



सालों से काबिज़ आदिवासी परिवारों के लोगों को धनतेरस के दिन वन विभाग के अधिकारियों, कर्मचारियों ने जमीन के नोटिस जारी कर बुवाई नहीं करने को लेकर कोटवार से गावों में ढूंढ़ी पिटवाई गई। इसी के विरोध में हजारों की संख्या में आदिवासी परिवारों के लोगों ने बुधवार को भैरुंदा नगर में रैली निकाली गई। इस दौरान ग्रामीण क्षेत्र से बड़ी संख्या में ट्रैक्टर ट्रॉली अन्य वाहनों से नगर के सेमलपानी जोड़ पर एकत्रित होकर इन्दौर मार्ग से दशहरा मैदान तक पैदल रैली निकली गई। इस दौरान हजारों की संख्या में महिलाएं पुरुष, युवा ओर छोटे बच्चे शामिल थे। हाथों में तख्ती लिए , हमारी जमीन पर वन विभाग के अधिकारियों द्वारा बेदखली कार्यवाही नहीं चलेगी, नहीं चलेगी के नारे लगाए हुए,अनुसूचित जनजाति पंचायत में कार्यक्रम स्थल पहुंचे।

#### इनकी आंखों में तो शिवराज खटक रहा है

शिवराज सिंह चौहान ने कहा एक तरफ़ पूरा देश दिवाली की खुशहाली, दूसरी तरफ़ बहन बेटियां आंखों में आंसू , ज़मीन के नोटिस जारी कर दिए इनके बच्चों को हाय ठीक नहीं। अनुसूचित जनजाति पंचायत कार्यक्रम में सहभागिता की इस दौरान केंद्रीय कृषिमंत्री शिवराज ने कहा जहां पूरा देश दिवाली की खुशहाली माना रहा था। तो दूसरी तरफ़ आदिवासी परिवार बहन, बेटियों के आंखों में आंसू टपक रहे थे। भूखी प्यासी बहन बेटियां रोती रही। इन गरीब असहाय आदिवासियों को दिवाली तो ठीक से माना लेने देते। नोटिस तो दिवाली के बाद में भी दिए जा सकते थे। इन अधिकारियों ने ठीक नहीं किया। इनके बच्चों को हाय ठीक नहीं है। इन अधिकारियों की आंखों में तो शिवराज सिंह कटक रहा है।

**वन विभाग अधिकारी को सख़्त हिदायत पुरानी काबिज़ ज़मीन पर समय पर बुवाई होगी :** इस दौरान उन्होंने वन विभाग के अधिकारियों को सख़्त हिदायत देते हुए कहा वर्षों से आदिवासियों का कब्जा है। उन्हें नोटिस दिया गया है। ये सही नहीं है। इस जमीन से उनका व बच्चों का भरण पोषण और पढ़ाई होती हैं। उस पर बुवाई नहीं करने के नोटिस जारी कर दिए। ऐसा नहीं चलेगा केन्द्र व राज्य में हमारी सरकार है, प्रदेश के मुखिया भी गरीबों के हितेषी है। मुख्यमंत्री से पहले भी इस विषय पर काम चर्चा हुई है। आज भी हम इस पंचायत के माध्यम से सभी की बात पहुंचा रहे हैं। आगे भी बात करेंगे। पुरानी काबिज़ ज़मीन पर समय पर ही बुआई की जाएंगी।








#### रिसॉर्ट बनाने के लिए जमीन, गरीब की झोपड़ी बनाने के लिए नहीं

केंद्रीय कृषिमंत्री ने कहा बुधनी वन विभाग क्षेत्र में कुछ बड़े अमीर लोगों की नज़र है। बुधनी के वन विभाग क्षेत्र में रिसॉर्ट बनाने चाहते हैं। रिसॉर्ट बनाने के लिए भूमि पर कब्जा करना चाहते हैं। लेकिन गरीब असहाय आदिवासियों की झोपड़ी बनाने के लिए ज़मीन नहीं है। आदिवासियों को हटाओ तो हम अमीर बड़े कब्जा कर सके और बड़े रिसॉर्ट बना सके।

इस दौरान सभी उपस्थित लोगों से कहा एक लकड़ी बनोगे तो तो कोई भी तोड़ देगा संगठित बनो कोई नहीं तोड़ पाएगा। गांव गांव में सभी सामाजिक लोगों को एक करने के लिए टीम तैयार करो। एक व्यक्ति को कोई परेशान करे तो उसका सभी मिलकर सहयोग करो। किसी भी प्रकार से आने वाली समस्या का मिलकर एक साथ सामना करे। शिवराज सिंह तो आज है कल नहीं रहेगा। अपनी जिम्मेदारी समझे और किसी भी परिस्थिति का सामना करना सीखे। इस कार्यक्रम में शामिल युवाओं ओर बच्चों से नशे से हो रहे नुकसान और घर परिवार को टूटने से रोकने मादक पदार्थ नशीले पदार्थों का सेवन न करने की बात कही। कार्यक्रम के समापन के दौरान में जिला डीएफओ एवं एसडीएम सुधीर कुशवाहा को ज्ञापन सौंपा गया।

इस अवसर पर केंद्रीय कृषिमंत्री शिवराज सिंह चौहान, बुधनी क्षेत्र विधायक रमाकांत भार्गव, जिला अध्यक्ष नरेश मेवाड़ा , पूर्व जिलाध्यक्ष रवि मालवीय, रघुनाथ भाटी, नगर परिषद् अध्यक्ष मारुति शिशिर, मण्डल अध्यक्ष आशीष शर्मा, निर्मला बारेला, देवीसिंह दुर्वे, सहित अधिकारी जनप्रतिनिधि मौजूद थे।

---

## खाद के लिए किसानों की जद्दोजहद:भाऊखेड़ी सोसाइटी में लगी लंबी कतार, बावेनी से पहले बढ़ी परेशानी

**सीहोर।** जिले में गेहूं की बुवाई से पहले किसानों को खाद संकट का सामना करना पड़ रहा है। भाऊखेड़ी सोसाइटी सहित कई खाद विक्रय केंद्रों पर किसानों की भारी भीड़ उमड़ रही है। किसानों को एक-एक बोरी खाद के लिए मशक्कत करनी पड़ रही है। दीपावली के बाद भी यह स्थिति बरकरार है, जिससे किसान बेहद परेशान हैं।

बुधवार को भाऊखेड़ी सोसाइटी में सुबह से ही किसानों की लंबी कतारें लगी रहीं। विक्रय केंद्र देर से खुलने के कारण किसानों को घंटों इंतजार करना पड़ा। किसान अपनी बही (खाता-बही) कतार में लगाकर अपनी बारी का इंतजार करते नजर आए। कई किसानों को दिनभर की मशक्कत के बाद ही खाद मिल पाई।



**सोयाबीन के बाद गेहूं की फसल के लिए भी खाद संकट :** यह हालात उस समय की याद दिला रहे हैं जब सोयाबीन की बुवाई के दौरान भी इसी तरह का खाद संकट देखने को मिला था। इस समय जिले में सोयाबीन की कटाई जारी है और किसान अब गेहूं की बुवाई की तैयारी में जुट गए हैं। कई किसानों ने गेहूं और चने की बुवाई भी शुरू कर दी है, ऐसे में खाद की मांग तेजी से बढ़ गई है।

इस संबंध में कृषि विभाग के अधिकारी अनिल जाट ने कहा कि जिले में पर्याप्त मात्रा में खाद उपलब्ध है। संभव है कि किसी एक केंद्र पर अधिक किसान पहुंच जाने से भीड़ बढ़ी हो। वहीं किसानों का कहना है कि विक्रय केंद्र समय पर नहीं खुलते, जिससे उन्हें घंटों इंतजार करना पड़ता है। वितरण व्यवस्था में अव्यवस्था के कारण अन्नदाता लगातार परेशान हैं।

---

## 3 दिन से सूरज नहीं निकला:न्यूनतम तापमान 8 डिग्री गिरा, ठंडी हवा से बढ़ी ठंड, हल्की बारिश भी हुई



**सीहोर।** जिले में समुद्री तूफान के प्रभाव से मौसम का मिजाज पूरी तरह बदल गया है। पिछले तीन दिनों से आसमान में घने बादल छाए हुए हैं और ठंडी हवा चल रही हैं। इसके चलते न्यूनतम तापमान 29 डिग्री सेल्सियस से गिरकर 21 डिग्री सेल्सियस पर आ गया है, जिससे ठंडक बढ़ गई है। यह लगातार तीसरा दिन है जब सूर्य की किरणें धरती तक नहीं पहुंच पाई हैं। जिले के कई इलाकों में रुक-रुक कर हल्की बारिश का दौर जारी है।

#### किस तहसील में कितनी बारिश (1 जून से अब तक)

सीहोर: 36.61 इंच, श्यामपुर: 37.68 इंच, आष्टा: 35.55 इंच, जावर: 32.20 इंच, इछावर: 38.66 इंच, भेरूंदा: 48.94 इंच, बुधनी: 62.60 इंच, रेहटी: 52.36 इंच

**3 दिन में कहां कितनी बारिश :** मानसून की वापसी के बाद भी पिछले तीन दिनों में जिले में मानसून जैसी सक्रियता दर्ज की गई है। इस दौरान जावर में 0.31 इंच, सीहोर में 0.04 इंच, श्यामपुर में 0.10 इंच, आष्टा में 0.08 इंच, इछावर में 0.28 इंच, भेरूंदा में 0.20 इंच और रेहटी में 0.17 इंच बारिश हुई है। जिले में कुल औसत बारिश 0.15 इंच रिकॉर्ड की गई।

**जिले में अब तक 43 इंच बारिश, पिछले साल से कम :** 1 जून से अब तक सीहोर जिले में कुल 43.08 इंच (1094.3 मिमी) बारिश दर्ज की जा चुकी है। जबकि पिछले साल इसी अवधि में 45.98 इंच बारिश हुई थी।

**औसत बारिश का आंकड़ा अब भी पीछे :** सीहोर जिले में इस साल मानसून ने 21 जून को दस्तक दी थी। हालांकि, इसके बावजूद जिले में अभी तक औसत बारिश का आंकड़ा पूरा नहीं हो सका है, जिसके कारण पिछले साल की तुलना में इस साल कम बारिश दर्ज हुई है।

---

वरिष्ठ नागरिकों के सांकेतिक धरना प्रदर्शन को कांग्रेस का मिला साथ

# कांग्रेस जिलाध्यक्ष राजीव गुजराती बोले प्रशासन की अनदेखी से दुर्घटना का खतरा




हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

जिला मुख्यालय पर हाऊसिंग बोर्ड कॉलोनी रेलवे क्रॉसिंग पर निर्माणाधीन ओवर ब्रिज में अनियमितताओं को लेकर वरिष्ठ नागरिकों ने धरना प्रदर्शन किया। इस धरना प्रदर्शन में कांग्रेस जिलाध्यक्ष राजीव गुजराती भी शामिल हुए।

कांग्रेस जिलाध्यक्ष राजीव गुजराती ने कहा कि यह मामला जनता की सुरक्षा और सुविधा से जुड़ा हुआ है, जिस पर जनप्रतिनिधियों और प्रशासन को गंभीरता से ध्यान देना चाहिए। उन्होंने कहा कि यदि प्रशासन समय रहते इस पर उचित कदम उठाए तो भविष्य में संभावित दुर्घटनाओं को रोका जा सकता है। स्थानीय निवासियों की मांग जायज है और स्वीकृत सर्विस रोड का निर्माण तुरंत शुरू होना चाहिए।

#### पांच हजार लोग प्रभावित

सांकेतिक धरना प्रदर्शन में बैठे वरिष्ठजनों ने बताया कि ब्रिज निर्माण से लगभग पांच हजार लोग प्रभावित हैं, जिनमें पं. दीनदयाल नगर, श्यामाप्रसाद मुखर्जी नगर सहित कई कॉलोनियों के निवासी शामिल हैं। नागरिकों ने आरोप लगाए कि मध्य प्रदेश गृह निर्माण मण्डल द्वारा बनाया गया मुख्य मार्ग पूरी तरह बंद है। ब्रिज से दोनों तरफ सर्विस रोड नहीं दी गई है, जबकि एक तरफ से चढने उतरने का खतरनाक मार्ग बनाया गया है। वरिष्ठ नागरिकों ने बताया कि ब्रिज के पास शहर के पांच बड़े स्कूल हैं और ब्रिज को सर्पाकार मोड़ दिया गया है साथ ही पैदल चलने वालों के लिए कोई सीढ़ी मार्ग भी नहीं है। इसे स्कूली बच्चों की सुरक्षा के लिए गंभीर खतरा बताया और प्रशासन से तत्काल हस्तक्षेप करने की मांग की।

#### आरटीआई का दिया हवाला

रहवासी कल्याण समिति ने कलेक्टर को सौंपे ज्ञापन में सूचना के अधिकार से प्राप्त जानकारी का हवाला दिया, जिसमें बताया गया है कि लगभग $2.76 करोड़ रुपये की राशि 1700 मीटर सर्विस रोड (चौड़ाई $5.50 मीटर) के लिए स्वीकृत है। कांग्रेस जिलाध्यक्ष राजीव गुजराती ने भी मांग की कि स्वीकृत राशि का उपयोग अन्य किसी मद में न हो और तत्काल सर्विस रोड का लेआउट तैयार कर निर्माण शुरू किया जाए।

---

## कचरे के ढेर में मिली दवाएं! ड्रग इंस्पेक्टर की जांच के बाद गड़बड़ी छिपाने का संदेह...

**सीहोर।** छिंदवाड़ा में जहरीले कफ सीरप से मासूमों की मौत की भयावह घटना के बाद सीहोर में स्वास्थ्य विभाग की नींद खुली और सोमवार को ड्रग इंस्पेक्टर ने कई मेडिकल दुकानों पर औचक जांच की। इस कार्रवाई के दो दिन बाद ही मुख्यालय के गंगा आश्रम क्षेत्र में एक ऐसी घटना सामने आई है जिसने संदेह को दे जन्म दिया है।

ड्रग इंस्पेक्टर किरण मगरे की कार्रवाई के ठीक दो दिन बाद मुख्यालय के गंगा आश्रम क्षेत्र में गुलजारी का बगीचा देवड़ा जी के मकान के पीछे स्थित कचरे के ढेर में बड़ी मात्रा में दवाएं फेंकी हुई मिली हैं। दवाओं का इस तरह खुले में फेंक दिया जाना सीधे तौर पर किसी अनियमितता या अवैध स्टॉक को छिपाने की ओर इशारा कर रहा है।



माना जा रहा है कि यह कार्रवाई ड्रग इंस्पेक्टर की अचानक हुई जांच और उसके बाद संभावित कड़ी कार्रवाई के डर से की गई है।

#### ड्रग इंस्पेक्टर की जांच में मिली थीं अनियमितताएं

सोमवार को ड्रग इंस्पेक्टर किरण मगरे ने शहर की करीब 8 दवा दुकानों की जांच की थी और दवाओं के नमूने भी लिए थे। जांच के दौरान स्वास्थ्य सेवाओं को खतरे में डालने वाली कई बड़ी खामियां और नियमों की अनदेखी सामने आई थी। इधर अब कचरे के ढेर में दवाओं का मिलना अब इस पूरे मामले को एक नया और संदिग्ध मोड़ दे रहा है, जिसकी जांच की जरुरत है।

## खबर संक्षेप

### दुर्घटना पीड़ितों का नगदी रहित उपचार स्कीम

**सीहोर।** सड़क दुर्घटना में घायलों के त्वरित उपचार के लिए सड़क दुर्घटना पीड़ितों का नगदी रहित उपचार स्कीम क्रियान्वित की गई है। इसके तहत पीड़ित ऐसी दुर्घटना की तारीख से अधिकतम 7 दिन की अवधि के लिए किसी भी नाम निर्दिष्ट अस्पताल में प्रति पीड़ित एक लाख पचास हजार रुपए तक की रकम के नकदी रहित उपचार करा सकता है। गंभीर रूप से घायल पीड़ितों को गोल्डल आवर के अंदर अस्पताल तक में जाकर उनकी सहायता करने वाले राह-वीरों को प्रोत्साहन स्वरूप 25 हजार रुपए एवं सर्टिफिकेट दिया जा रहा है।

### जानलेवा हमले के आरोपियों पर कार्रवाई करने की मांग

**सीहोर।** इछावर क्षेत्र के ग्राम कल्याणपुरा निवासी पीड़ित किसान रूपसिंह वर्मा ने जनसुनवाई में आवेदन देकर जानलेवा हमला करने वाले आरोपियों पर कार्रवाई और सुरक्षा की मांग की है। आवेदक के अनुसार, 23 अक्टूबर को वह अपने भाई दीपक के साथ ट्रैक्टर से खेत पर बोनी करने जा रहा था। तभी गांव के ही चार लोग रास्ते में आकर ट्रैक्टर रोकने लगे और बोले कि यहां से ट्रैक्टर नहीं ले जाना है। पीड़ित ने बताया कि जब वे ट्रैक्टर लेकर वहां से जाने लगे, तो उन्होंने पत्थर बरसाए, जिससे उनके भाई दीपक के पैर, हाथ और पीठ में गंभीर चोटें आईं। किसी तरह दोनों भाई जान बचाकर वहां से निकले और पुलिस को कॉल किया। पुलिस के पहुंचने से पहले ही सभी आरोपी वहां से फरार हो गए। रूपसिंह वर्मा ने बताया कि इस संबंध में उन्होंने तहसील कार्यालय, एसडीएम इछावर व तहसीलदार को भी आवेदन दिए थे, लेकिन अब तक न तो रास्ता खुला और न ही आरोपियों पर ठोस कार्रवाई हुई।

### 27 हजार 63 किसानों से 47 हजार 493 टन सोयाबीन की खरीदी

**सीहोर।** प्रदेश में सोयाबीन फसल के लिए लागू की गई भावांतर योजना में 9 लाख 36 हजार 352 किसानों ने पंजीयन कराया है। सोयाबीन का विक्रय 24 अक्टूबर से प्रारंभ हुआ है जो 15 जनवरी 2026 तक जारी रहेगा। अभी तक 27 हजार 63 किसानों से 47 हजार 493 टन सोयाबीन खरीदी गई है। मंगलवार 28 अक्टूबर को 10 हजार 851 किसानों से 19 हजार 191 टन सोयाबीन की खरीदी हुई। कृषि उपज मंडी देवास में सर्वाधिक 1699, इंदौर में 1579, उज्जैन में 1538, गंजबासौदा में 1283, बैरसिया में 1154, आगर में 1085, आष्टा में 1061, शाजापुर में 1053, तराना में 1040 एवं सागर मंडी में 962 टन सोयाबीन की खरीदी हुई। इसी प्रकार सर्वाधिक किसानों के पहुँचने की टॉप मंडियों में गंजबासौदा मंडी में 1254, देवास में 1182, उज्जैन में 1106, आष्टा में 1075, बैरसिया में 900, आगर में 891, इंदौर में 795, शाजापुर में 787, सीहोर में 741 एवं नरसिंहगढ़ मंडी में 701 किसान सोयाबीन की विक्री के लिए पहुँचे। मंडी बड़नगर जिला उज्जैन में अधिकतम भाव 5725 रूपये प्रति क्विंटल रहा। प्रदेश में सोयाबीन की बुवाई का रकवा गत वित्तीय वर्ष 2024-25 में 58.72 लाख हेक्टेयर था जो वर्तमान में 53.20 लाख हेक्टेयर है। इस वर्ष 2025-26 में 55.54 लाख मीट्रिक टन सोयाबीन का उत्पादन हुआ है।

### गोपाष्टमी पर कुबेरेश्वरधाम पहुंचे हजारों की संख्या में श्रद्धालु, पूजा-अर्चना कर की प्रसादी ग्रहण

# कुबेरेश्वर महादेव मंदिर में दिखी बृजधाम की झलक अन्नकूट की प्रसादी ग्रहण करने पहुंचे हजारों श्रद्धालु

### तुलसी, नारियल, अदरक, दही, पनीर, आंवला, पालक, मैथी, ड्राय फ्रूट, कद्दू की सब्जी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

हर साल की तरह इस साल भी चितावलिया हेमा स्थित निर्माणाधीन मुरली मनोहर एवं कुबेरेश्वर महादेव मंदिर में बुधवार को भव्य अन्नकूट उत्सव का आयोजन किया गया, जिसमें बृजधाम की झलक दिखाई दी। मंदिर परिसर में भव्य रूप से गोवर्धन और 56 भोग से गिरिराज की झांकी के समक्ष सजाए गए थे। दर्शन के बाद श्रद्धालुओं को महाप्रसाद बांटा गया, हजारों की तादाद में श्रद्धालु प्रसाद ग्रहण करने पहुंचे थे। महा प्रसादी में 56 प्रकार के भोग लगाए गए, जिनमें तीन प्रकार की खीर, अनेक प्रकार के भजिए, एक दर्जन से अधिक मिठाईयों के अलावा औषधीय पकवान शामिल थे। इस मौके पर सुबह अंतर्राष्ट्रीय कथा वाचक पंडित प्रदीप मिश्रा के मार्गदर्शन में यहां पर विठलेश सेवा समिति के तत्वाधान में आने वाले श्रद्धालुओं के लिए निशुल्क रूप से भोजन प्रसादी की व्यवस्था की थी। शिव महापुराण के पश्चात मंदिर परिसर में अन्नकूट की झांकी सजाई, वहीं यहां पर करीब डेढ़ लाख से अधिक श्रद्धालुओं को प्रसादी का वितरण किया।

परम्परानुसार सुबह कथा वाचक भागवत भूषण पंडित प्रदीप मिश्रा सहित विठलेश सेवा समिति के पदाधिकारियों की मौजूदगी में मंदिर परिसर के विशाल हाल में अन्नकूट दर्शन का आयोजन किया गया। उसके बाद गौ माता एवं गोवर्धन नाथ की आरती के



पश्चात बाबा गोवर्धन नाथ जी एवं कुबेरेश्वर महादेव का प्रसादी का वितरण किया गया। यह सिलसिला लगातार आठ घंटे से अधिक समय तक जारी रहा। इस मौके पर बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसादी ग्रहण की।

**तुलसी, नारियल, अदरक, दही, पनीर, आंवला, पालक, मैथी, ड्राय फ्रूट, कद्दू की सब्जी :** सुबह से ही यहां पर समिति के कार्यकर्ताओं ने गिरिराज जी के समक्ष छप्पन प्रकार से अधिक व्यंजनों का भोग लगाया गया था। इस भोग में पोषक तत्वों वाली खाद्य सामग्री शामिल की गई। इनमें करीब एक दर्जन से अधिक प्रकार की विभिन्न प्रकार की मिठाईयों के अलावा इम्युनिटी को मजबूत करने वाली औषधीय सामग्री जैसे तुलसी, नारियल, अदरक, दही, पनीर, आंवला, पालक, मैथी, ड्राय फ्रूट, कद्दू की सब्जी आदि के पकवान शामिल थे। वहीं श्रद्धालुओं के लिए विशेष प्रकार की शुगर फ्री मिठाई भी बनाई गई थी।

### मिश्रित सब्जियों, पूड़ी, कढ़ी, खीर, सेवा-नुक्ती आदि भोजन के अलावा प्रसादी का वितरण

भगवान की पूजा के बाद विभिन्न मिश्रित सब्जियों, पूड़ी, कढ़ी, खीर, सेवा-नुक्ती आदि भोजन के अलावा प्रसादी का वितरण किया गया। दोपहर से चले इस भव्य अन्नकूट उत्सव में हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसादी ग्रहण की। अन्नकूट महोत्सव में देश के कोने-कोने से आए श्रद्धालुओं ने गिरिराज के दर्शन किए। इस मौके पर भागवत भूषण पंडित मिश्रा ने कहा कि श्री कृष्ण को अन्नकूट का प्रसाद चढ़ाएंगी तो ये आपके लिए विशेष रूप से फलदायी होगा।



## बारिश और तेज हवाओं से धान की फसल को नुकसान





**बुधनी।** क्षेत्र में लगातार बदलते मौसम, बारिश और तेज हवाओं से किसानों की धान की फसल को भारी नुकसान हुआ है। कई जगहों पर तेज हवाओं के कारण फसल खेतों में आड़ी हो गई है, जबकि बारिश से खेतों में पानी भर गया है। इससे कटाई के लिए तैयार खड़ी फसलों पर असर पड़ा है। रामनगर, बगवाड़ा, जोशीपुर, बुधनी, ग्वाड़िया, महूकला और पीलिकरार क्षेत्रों में सबसे ज्यादा नुकसान देखने को मिल रहा है। जहां समय पर बोनी की गई थी, वहां धान की फसलें पककर तैयार हैं, लेकिन तेज हवाओं और पानी भराव से फसलें गिर गईं। वहीं कुछ इलाकों में फसल अभी भराव की स्थिति में है, जो लगातार बारिश से प्रभावित हो रही है। किसानों का कहना है कि अगर जल्द मौसम सामान्य नहीं हुआ तो नुकसान और बढ़ सकता है। खेतों में पानी रुकने से धान सड़ने का खतरा भी बना हुआ है। बावजूद इसके अब तक प्रशासन या सरकार की ओर से किसी सर्वे या मुआवजे की घोषणा नहीं की गई है। किसानों ने मांग की है कि जल्द नुकसान का आकलन कर राहत दी जाए।

### उलझावन-भोजनगर रोड पर गड्ढों से बढ़ी मुसीबत



**सीहोर।** प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के तहत बनी उलझावन से भोजनगर तक की सड़क की हालत खराब हो चुकी है। सड़क पर जगह-जगह बड़े गड्ढे हो गए हैं। राहगीरों और वाहन चालकों को परेशानी हो रही है। ग्रामीणों ने बताया कि इस सड़क का निर्माण करीब 5 साल पहले हुआ था। अब सड़क इतनी टूट चुकी है कि पैदल चलना भी मुश्किल हो गया है। दुपहिया वाहन चालक कई बार गिर चुके हैं। ग्रामीणों ने बताया कि विभाग को जानकारी देने के बाद भी न तो मरम्मत कराई जा रही है, न ही गड्ढे भरे जा रहे हैं। लोगों ने जिला प्रशासन और विभाग से जल्द मरम्मत की मांग की है। सरपंच प्रतिनिधि पिंटू वर्मा ने कहा कि यह सड़क प्रधानमंत्री सड़क योजना के तहत बनी है। फिर भी विभाग को दोबारा जानकारी दी जाएगी। ग्रामीणों ने कहा कि सड़क सुधरी तो दुर्घटनाएं कम होंगी और आवाजाही आसान होगी।

## आदिवासी मोहल्ले में ट्रांसफार्मर लगाने की मांग, दिया ज्ञापन

### मांग पूरी नहीं हुई तो जयस करेगा कलेक्ट्रेट में धरना प्रदर्शन



**सीहोर।** कोलुआखेड़ी के आदिवासी किसानों के लिए स्वीकृत ट्रांसफार्मर आदिवासी मोहल्ले में ही लगाए जाने की मांग जय आदिवासी युवा शक्ति संगठन के द्वारा की गई है। बड़ी संख्या में कलेक्ट्रेट पहुंचे आदिवासियों ने जयस जिलाध्यक्ष रवि सोलंकी के नेतृत्व में जिला पंचायत सीईओ सर्जना यादव को ज्ञापन दिया है। जयस कार्यकर्ताओं ने एक साप्ताह में मांग पूरी नहीं होने पर कलेक्ट्रेट में धरना प्रदर्शन किए जाने की चेतावनी भी प्रशासन को दी है।

मंगलवार को कलेक्ट्रेट स्थित जनसुनवाई में पहुंचे ग्राम पंचायत अनसूईया तहसील इछावर के ग्राम कोलुआखेड़ी के आदिवासियों ने बताया कि गांव के आदिवासी मोहल्ले के लिए बीते साल बिजली के लिए ट्रांसफार्मर स्वीकृत हुआ था लेकिन आदिवासी मोहल्ले में न लगाकर अधिकारियों ने मिलीभगत कर गांव के राहुल वर्मा पिता देवी सिंह की निजी जमीन पर ट्रांसफार्मर को स्थापित कर दिया है। जबकि उक्त बिजली ट्रांसफार्मर आदिवासी मोहल्ले में लगने के लिए शासन के द्वारा भेजा गया था जिससे की आदिवासी बस्ती के लोगों को बिजली की सुविधा मिलती लेकिन आज भी आदिवासी मोहल्ले में अंधकार छाया हुआ है। इस संबंध में आदिवासियों ने कई बार बिजली विभाग के संबंधित अधिकारियों जनप्रतिनिधियों को आवेदन दिए है लेकिन कोई सुनने को तैयार नहीं है। जिस के कारण आदिवासी अंधेरे में जीवन यापन करने को विवश हो रहे है। आदिवसी जयस के कार्यकर्ता लक्ष्मण सिंह, सोन मक्रवाल, रोहित, श्याम सिंह, श्यामलाल, भंवरलाल, शंकरलाल, रामेश्वर, मुकुल, भोलासिंह, शारदा बाई, सीता बाई, ओमप्रकाश, साधूसिंह, रमेश, राजकुमार, मुकेश, शेर सिंह, श्याम सिंह, विजय, लादर सिंह, रामलाल आदि ने स्वीकृत ट्रांसफार्मर को आदिवासी मोहल्ले में स्थापित करवाया जाने की मांग की है।

## जिले के 1986 विद्यालयों में आज लगेगा एफएलएन मेला

### भाषा कौशल और गणितीय ज्ञान में वृद्धि को लेकर बच्चों की दक्षता परखी जाएगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

भाषा कौशल विकास एवं गणितीय संख्या ज्ञान में वृद्धि के उद्देश्य से पढ़ाई के प्रति बच्चों का रुझान बढ़ाने और रोचकता लाने के लिए जिले के सभी 1986 शासकीय प्राथमिक विद्यालयों में आज दिनांक 30 अक्टूबर 2025 को एक साथ एफएलएन मेले का आयोजन किया जाएगा।

इस मेले में बच्चों को एफएलएन मेला रिपोर्ट कार्ड दिया जाएगा। इसका उद्देश्य कक्षा 1 और 2 के छात्रों की शारीरिक, बौद्धिक, भाषा और गणितीय दक्षताओं का मूल्यांकन करना है। यह मेला 3 चरणों में आयोजित किया जाएगा, जिसमें बच्चों की शैक्षिक प्रगति को समझने के लिए विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। कार्यक्रम के दौरान बच्चों का मूल्यांकन उनके रिपोर्ट कार्ड के - माध्यम से किया जाएगा, जिसमें शारीरिक विकास, बौद्धिक क्षमता, भाषा दक्षता और गणितीय कौशल की जांच की जाएगी। इसके साथ ही समुदाय की सक्रिय सहभागिता भी सुनिश्चित की जाएगी, ताकि स्थानीय स्तर पर बच्चों के शैक्षिक सुधार को बढ़ावा मिल सके। एफएलएन मेला के माध्यम से बच्चों को उनकी क्षमताओं के अनुसार प्रगति का अवसर मिलेगा। इसके साथ ही यह पहल निपुण भारत अभियान के उद्देश्य को आगे बढ़ाते हुए शिक्षा के स्तर में सुधार की दिशा में महत्वपूर्ण कदम साबित होगी। समाज और शिक्षा जगत के लिए यह एक नई उम्मीद का संकेत है, जिससे बच्चों की शिक्षा में गुणवत्ता और सुधार संभव हो सके। जिला परियोजना समन्वयक आर.आर.उईके, द्वारा सभी शाला प्रभारियों से कहा है कि वह अपने विद्यालयों में एफएलएन मेले का आयोजन स्थानीय नागरिकों और अभिभावकों के समूह की उपस्थिति में सुनिश्चित करें, ताकि शिक्षा की गुणवत्ता में सामुदायिक सहभागिता बढ़ाई जा सके।

## सीसी रोड मापदंड अनुरूप नहीं पाए जाने पर नोटिस जारी करने के दिए निर्देश



**सीहोर।** जिला पंचायत सीईओ एवं प्रभारी कलेक्टर सर्जना यादव ने आष्टा जनपद के ग्राम भीलखेड़ी सड़क पहुंचकर पंचायत एवं ग्रामीण विकास तथा मनरेगा के तहत संचालित अनेक गतिविधियों का निरीक्षण किया और संबंधित अधिकारियों एवं आईकार्ड के वैज्ञानिकों से कार्यों के बारे में जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान उन्होंने पीएम आवास, डगवेल रिचार्ज, सीसी रोड़ निर्माण कार्य सहित अन्य कार्यों का निरीक्षण किया। सीसी रोड़ के निरीक्षण के दौरान रोड़ निर्धारित मापदंडों के अनुरूप नही पाए जाने पर उन्होंने संबंधित सहायक यंत्री, उपयंत्री एवं निर्माण एजेंसी को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। निरिक्षण के दौरान संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

### शिक्षकों को भविष्य निधि की महत्ता और इसके लाभों के बारे में दी जानकारी

# दि ऑक्सफोर्ड हासे. स्कूल में ईपीएफओ कैंप और सेमिनार का हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

दि ऑक्सफोर्ड हायर सेकेंडरी स्कूल, सीहोर में ईपीएफओ कैम्प एवं सेमिनार का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम भविष्य निधि संगठन, श्रम एवं रोजगार मंत्रालय, भारत सरकार, क्षेत्रीय कार्यालय भोपाल से पधारे अतिथियों का पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया। तत्पश्चात कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में धर्मेन्द्र शर्मा (एनफोर्समेंट ऑफिसर) तथा विजय बिजलानी (सीनियर असिस्टेंट) ने छात्रों एवं शिक्षकों को भविष्य निधि की महत्ता एवं इसके लाभों के बारे में विस्तृत जानकारी



दी। दोनों अधिकारियों ने समझाया कि ईपीएफओ योजना न केवल कार्यरत कर्मचारियों के लिए उपयोगी है, बल्कि यह युवाओं को अपने भविष्य के प्रति सजग बनाती है और बुढ़ापे में आर्थिक सुरक्षा प्रदान करती है। संस्था अध्यक्ष एड. जॉली कुरियन एवं प्राचार्या डॉ. बीना जे. कुरियन ने अतिथिगण का ज्ञानवर्धक व प्रेरणादायी जानकारी देने के लिए आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन शिक्षिका साक्षी गोगिया ने किया। यह सेमिनार विद्यार्थियों एवं सटाफ के लिए अत्यंत ज्ञानवर्धक एवं प्रेरणादायी सिद्ध हुआ।

## ग्रामीणों ने की करंट लगने से घायल युवक को नौकरी और आर्थिक मदद देने की मांग

### विद्युत वितरण कंपनी की लापरवाही से हुआ था ढाबला केलवाड़ी में हादसा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

विघुत वितरण कंपनी की लापरवाही के कारण ग्यारह केवी की हाईटेंशन बिजली लाईन के टूटे तारों की चपेट में आकर गंभीर रूप से घायल हुए युवक को सरकारी नौकरी और शासन की ओर से आर्थिक मदद उपलब्ध कराई जाने की मांग ग्रामीणों के द्वारा की गई है। ढाबला केलवाड़ी के गा्रमीणों और पीड़ित के परिजनों ने इस संबंध में मंगलवार को जनसुनवाई में पहुंचकर जिला पंचायत की सीईओ सर्जना यादव को ज्ञापन दिया है।



ग्रामीणों ने बताया की आर्थिक रूप से कमजोर परिवार का अभिषेक पुत्र ओमप्रकाश मेवाड़ा 18 वर्ष 22 अक्टुबर बुधवार को घर से जंगल की तरफ जाते समय रास्ते पर टूटकर नीचे गिरे बिजली के हाईटेंशन तारों की चपेट में आकर गंभीर रूप से घायल हो गया था। ग्रामीणों के द्वारा सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचकर अभिषेक को बिलकिसगंज अस्पताल ले जाया गया था यह से डाक्टर ने भोपाल रिफर कर दिया था करंट लगने से अभिषेक के हाथ का पंजा कट गया है। युवक के पेर सिर गले में भी गंभीर चोट है चलने फिरने में भी असमर्थ है। ज्ञापन देते समय ओमप्रकाश मेवाड़ा सीताराम मेवाड़ा,कमल मेवाड़ा,विनायक मेवाड़ा, अरुण मेवाड़ा, सन्तोष विश्वकर्मा, उमेश मेवाड़ा, राहुल राजपूत, आशीष शर्मा, गुलाब मेवाड़ा, पूनम मेवाड़ा, आशीष मेवाड़ा, बलवीर मेवाड़ा,प्रेम कुर्मी, विकास मेवाड़ा,नारायण मेवाड़ा, सन्तोष मेवाड़ा, सचिन मेवाड़ा आदि कलेक्ट्रेट में मौजूद रहे।

प्रबंधक, कंप्यूटर ऑपरेटर व आउटसोर्स कंपनी भी डाटा बताने में दिखे असमर्थ

# वेयरहाउस में कब रुकेगी सरकारी पैसे की लूट! कलेक्टर के जांच आदेश भी निरर्थक

## जांच हुई तो वित्तीय अनियमित्ता आएगी सामने, कई ओरिजिनल पत्रक भी गुम


वेतन हुआ वेयरहाउस कार्पोरेशन ब्यावरा, जिला प्रबंधक पर नहीं कोई जानकारी

बिना काम किए निकलती रही आउटसोर्स कर्मचारियों की वेतन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा

उपार्जन के समय वेयरहाउस कर्मचारियों की बढ़ती संख्या तो ठीक परंतु उपार्जन के बाद भी उतने ही कर्मचारियों का लगातार कई वर्षों से काम करते रहना ब्यावरा वेयरहाउस प्रबंधक पर प्रश्नचिंह लगाता है। जब उपार्जन के बाद कम काम है या काम नहीं है तो भी सरकारी पैसे का दुरूप्योग क्यों किया जा रहा है। यह हाल है ब्यावरा वेयरहाउस का जहां पर आउटसोर्स कर्मचारी अपनी मनमौजी प्रथा के चलते बिना रोक टोक अनुपस्थित आउटसोर्स कर्मचारियों को उपस्थित बताने में कोई कसर नहीं छोड़ रहे हैं। वहीं वेयरहाउस ब्यावरा में 23-24 कर्मचारियों में से मात्र 12 ही ड्यूटी पर उपस्थित होते हैं बाकी 12 कर्मचारियों की वेतन कौन हजम कर रहा है यह जांच का विषय है। सरकारी पैसा खाकर अब यह कर्मचारी इतने ताकतबर हो चुके हैं कि कलेक्टर के जांच आदेश को भी अनदेखा कर दिया गया है और 1 महीने के बाद भी जिला प्रबंधक ने जांच पूरी कर अपनी रिपोर्ट कलेक्टर कार्यालय को नहीं सौंपी है।

### कम्प्यूटर ऑपरेटर की ऑफिशियल जांच जरूरी

वेयरहाउस में आउटसोर्स पर काम करने वाला कप्यूटर ऑपरेटर शिवमान सिंह राठौर का पिछले सालों का इतिहास जांच में लिया जाए तो सरकारी पैसे की बंदरबांट में प्रमुख किरदार है। हालांकि सारी रिपोर्ट पर वेयरहाउस प्रबंधक दीप्ती सिंह के हस्ताक्षर होते हैं तो वह भी इस षडयंत्र में शामिल होंगी ही यह जांच का विषय है। जिसके चलते वर्षों से कई आउटसोर्स कर्मचारियों का पैसा हजम किया जा रहा है।

### इनका कहना है...

*आउटसोर्स कर्मचारियों की वेतन सीट पर मेरे ही हस्ताक्षर होते हैं। यदि ऐसा है कि कर्मचारी काम पर नहीं आ रहे तो मैं दिखवा लेती हूं।*

**दीप्ती सिंह**
**प्रबंधक ब्यावरा वेयरहाउस**

### 23 में से 12 कर्मचारी ही करते हैं काम बाकी का सिर्फ नाम

*वर्षों से स्वयं आउटसोर्स पर काम करते करते एक कंप्यूटर ऑपरेटर सेंटिंग करने में इतना आगे निकल गया कि वर्षो से अपने लडके सुरेन्द्र सिंह के नाम से पैसे निकाल रहा है जबकि वह अपनी पढाई के लिए दूसरे शहर में रह रहा है इसी तरह कई कर्मचारियों के पैसे निकाले जाते है और वह आपस में बांट लिए जाते है। प्रशासन जांच कर सरकारी पैसों की चल रही बंदरबांट पर रोक लगाए। उल्लेखनीय है कि ब्यावरा वेयरहाउस पर 29 आउटसोर्स कर्मचारियों में से मात्र 18 कर्मचारी ही मौजूद रहते हैं।*

### पिछले तीन महीनों में कम हुए कर्मचारी


*ब्यावरा वेयरहाउस द्वारा पिछले तीन महीनों में आउटसोर्स कर्मचारियों जो कि पहले ही अनुपस्थित रहते थे उन्हें हटाने का दिखावा किया गया जबकि सालों से वह अपनी वेतन पा रहे थे। इसका मुख्य कारण संजय दांगी का नरसिंहगढ़ से ब्यावरा आना माना जा रहा है। अब देखना यह है कि भ्रष्ट कर्मचारियों पर शिकंजा कसता है या फिर सरकार को चूना लगाने का काम सतत जारी रहेगा।*

छीना प्रभारी प्राचार्य का प्रभार, दूसरे शिक्षक को सौंपा

# बीसी में प्राचार्य के जवाब से नाराज हुए डीईओ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा

अधिकारी के सामने सच बोलना भी कभी कभी भारी पड़ जाता है और उसके परिणाम किसी भी हद तक जा सकते हैं। खिलचीपुर ब्लॉक के पीपल्याकलां शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में प्राचार्य के पद पर रहते हुए अपनी जिम्मेदारी निभाने वाले देवनारायण दांगी पिछले दिनों हुई बीसी में जिला शिक्षा अधिकारी के एक प्रश्न के उत्तर देने के चलते उनके कोप का शिकार हो गए। जबकि प्राचार्य देवनारायण दांगी ने अपने अल्प कार्यकाल में स्कूल को व्यवस्थित रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। साथ ही परीक्षा परिणामों को सुधारने के लिए भी शिक्षक न होने पर स्वयं आगे बढ़कर क्लास में जाते थे और बच्चों को पढ़ाते थे। जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा एक प्राचार्य के साथ इस तरह का व्यवहार शिक्षिक वर्ग की हठधर्मिता का उदाहरण की कहा जा सकता है।


कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी, जिला राजगढ़ (ब्यावरा)म0प्र0

क्रमांक/स्था-1/2025/4049 राजगढ़ दिनांक 24/10/25

//आदेश//

सूत्रों की माने तो पिछले दिनों पीपल्याकलां स्कूल की एक शिक्षिका को जीरापुर छात्रावास का चार्ज देने और स्कूली बच्चों की पढ़ाई का नुकसान होने को लेकर प्राचार्य ने अपनी बात डीईओ से रखी थी परंतु शिक्षिका राजनीतिक रूप से ज्यादा सक्षम होने के चलते क्या प्राचार्य को हटाया गया। यदि ऐसा है तो यह होनहार बच्चों के भविष्य के लिए नुकसान दायक सिद्ध न हो जाए।

# चोर गिरफ्तार, किराना दुकान में की थी चोरी




**माचलपुर।** नगर पुलिस द्वारा करीब 45 दिनों पूर्व एक किराना व्यवसाई की दुकान से दिन दहाड़े की गई चोरी के आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। जानकारी अनुसार फरियादी दिनेश पिता सत्यनारायण अग्रवाल द्वारा थाने 15 से 20 हजार रुपए बजरंग रोड पर स्थित अपने किराने की दुकान से अज्ञात व्यक्ति द्वारा चोरी की रिपोर्ट थाने में दर्ज करवाई गई थी। फरियादी की रिपोर्ट पर टी आई पूजा परिहार द्वारा संघन जांच की जा रही थी इसी तारतम्य में सीसीटीवी खंगाले गए वही संदिग्धों से पूछताछ की गई इसमें सफलता नहीं मिली,बावजूद पुलिस द्वारा आरोपियों की तलाश मुखबिरों की सक्रियता को बढ़ाया और इसमें जो सूचनाएं मिली उस आधार पर 26 अक्टूबर को टीम गठित की। टिम ने दो अज्ञात आरोपी गिरफ्तार किया जिन्होंने अपना नाम कमलसिंह पिता कालुसिंह सोंधिया उम्र 24 वर्ष निवासी धन्याखेड़ी दूसरा आरोपी जतिन उर्फ नाना पिता दिलीप माली उम्र 24 वर्ष निवासी छोटा जिन दोनों सुसनेर जिला पूछताछ की गई जिसमें अपना चोरी कबूल की। पुलिस आरोपी से चोरी राशि बरामद कर आरोपियों को न्यायलय पेश किया जहां से जेल भेज दिया गया।

# हरियाली के दुश्मनों पर वन विभाग के उड़नदस्ते ने की कार्रवाई

## अवैध लकड़ियों से भरे 2 ट्रैक्टर-ट्रॉली किए जब्त



हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

हरियाली के दुश्मनों पर वन विभाग की कार्रवाई लगातार जारी है। विभाग के विशेष उड़नदस्ते ने अलग-अलग स्थानों पर हो रहे लकड़ियों के अवैध परिवहन पर लगाम कसते हुए दो तस्करों को पकड़कर भारी मात्रा में बमूल, खांकरा आदि लकड़ियां जब्त करते हुए वन अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया है।

वन विभाग के उड़नदस्ता प्रभारी देवकरण भिलाला को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई थी कि जीरापुर कोर्ट मार्ग पर टैक्टर-ट्रॉली से कार्रवाई का अवैध परिवहन होने वाला है। सूचना मिलते ही टीम ने मौके पर घेराबंदी की। इस दौरान सामने से आ रहे एक टैक्टर-ट्रॉली को पकड़ा गया जिसमें लकड़ियां भरी हुई थी। इन लकड़ियों के बारे जब टैक्टर चालक सलीम खान से पूछताछ करने पर कागजात मांगे गए तो वो कोई दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर पाया। इसके बाद टीम ने लकड़ियों से भरी टैक्टर-ट्रॉली को माचलपुर थाने में खड़ा करवा दिया।

### माचलपुर-घोघटपुर मार्ग पर भी कार्रवाई की

इसी तरह की एक अन्य कार्यवाही गोघटपुर-माचलपुर मार्ग पर की गई। यहां गश्त के दौरान एक टैक्टर-ट्रॉली में काफी संख्या में लकड़ियां भरी पाई गईं। इन लकड़ियों भी अवैध रूप से पेड़ों को काटकर लाई जा रही थीं। इस पर टीम ने बजरंग गुर्जर पर मप्र वनउपज अधिनियम के तहत कार्यवाही करते हुए वाहन को जब्ती में लिया है। उल्लेखनीय है कि माचलपुर क्षेत्र की सीमा राजस्थान राज्य से मिली हुई है। ऐसे में रात के अंधेरे का फायदा उठाकर लकड़ी तस्कर इसी तरह अवैध गतिविधियों को अंजाम देने में लगे हुए हैं।

गागोरनी का वैष्णव समाज सहित अन्य ग्रामीण पहुंचे कलेक्टोरेट

# ...तो मंदिरों में पूजा-पाठ बंद कर देंगे वैष्णव समाजजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

विगत 22 अक्टूबर को जीरापुर क्षेत्र के गांव गागोरनी में रास्ते के पुराने विवाद को लेकर समुदाय विशेष से जुड़े कुछ लोगों ने दूसरे पक्ष पर धारदार हथियारों से हमला कर दिया था। इस हमले में बैरागी समाज के कई लोग घायल हो गए। जिनमें से कुछ को झालावाड़ रेफर करना पड़ा था। वहीं एक गर्भवति महिला से भी काफी मारपीट की गई थी। इस घटना के बाद जीरापुर पुलिस ने कुछ लोगों पर विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज कर लिया था। वहीं फरियादियों का कहना है था कि पुलिस द्वारा मामूली धाराओं में एफआईआर दर्ज कर ली लेकन हत्या के प्रयास का मुकदमा दर्ज नहीं किया गया। इस संबंध में पीड़ित पक्ष सहित ग्रामीणों ने 23 अक्टूबर को कलेक्टेट पहुंचकर आरोपियों द्वारा सरकारी जमीन पर किए गए अवैध कब्जों पर बुलडोजर चलवाने की मांग रखी थी। इसके बावजूद प्रशासन द्वारा कोई कार्यवाही न किए जाने से आक्रोषित बैरागी समाज सहित अन्य ग्रामीणजन मंगलवार को पुनः कलेक्टेट पहुंचे।

### मेन गेट पर बैठकर पड़ी हनुमान चालीसा

कलेक्टर को ज्ञापन सौंपने की मंशा से सभी ग्रामीण राजगढ़ पहुंचे थे। तहसीलदार अनिल शर्मा एवं अपर कलेक्टर जब ज्ञापन लेने पहुंचे तो ग्रामीणों ने मना कर दिया और वे सीधे कलेक्टर को ज्ञापन सौंपने की बात पर अड़ गए। इसको लेकर पीड़ितों एवं ग्रामीणों ने काफी समय तक कलेक्टोरेट के मेन गेट के सम्मुख बैठकर नारेबाजी की। कलेक्टर द्वारा ज्ञापन लेने नहीं पहुंचने पर ग्रामीणों मौके पर ही बैठकर हनुमान चालीसा का पाठ शुरू कर दिया। हालांकि, उचित कार्यवाही के आश्वासन के बाद ग्रामीणजन मान गए। उन्होंने प्रशासन को अल्टीमेटम भी दिया कि यदि अभियुक्तों द्वारा सरकारी जमीन पर बनाए गए मकानों, अवैध कब्जों पर बुलडोजर नहीं चलाया गया तो वे मंदिरों में पूजा-पाठ पूरी तरह बंद कर देंगे।

भाजपा के जिला स्तरीय युवा सम्मेलन में बोले वक्ता...

# भारत विश्व की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने जा रहा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

मुख्यालय स्थित मंगल भवन परिसर में भाजपा के जिला स्तरीय युवा सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सांसद रोडमल नागर ने अपने संबोधन में कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत विश्व की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर है। उन्होंने कहा कि पहले हम रक्षा उपकरणों के आयातक थे लेकिन आज हम निर्यातक बन चुके हैं। सुपर सोनिक मिसाइल, पनडुब्बी और अनेक प्रकार के स्वदेशी हथियार देश में निर्मित हो रहे हैं। पार्टी जिलाध्यक्ष ज्ञान सिंह गुर्जर ने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में देश तेजी से आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ रहा है। सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती पर भाजपा रन फॉर यूनिटी का आयोजन करेगी। आगामी 31 अक्टूबर को इस दौड़ में अनेकों लोग सम्मिलित होकर एकता का संदेश देंगे। विधायक अमर सिंह यादव ने कहा कि आज का भारत आत्मनिर्भरता की ओर अग्रसर है।

### विधायक ने किया स्वदेशी उत्पादों को अपनाने का आह्वान

विधायक यादव ने कहा कि भारत किसी भी वस्तु या सेवा के लिए दूसरे देशों पर निर्भर न रहे। उन्होंने आह्वान किया कि हम सब स्वदेशी उत्पादों को अपनाएँ, जिससे देश आर्थिक रूप से और अधिक सशक्त बने। इस अवसर पर पूर्व विधायक रघुनंदन शर्मा, प्रताप मंडलोई, प्रदेश कार्य समिति सदस्य दिलबर यादव, मोना सुस्तानी, दीपेंद्र चौहान, जिला महामंत्री अमित शर्मा, रामचंद्र जलालिया, केपी पवार सहित भाजपा जिला पदाधिकारी जसवंत गुर्जर, शैलेश गुप्ता, जगदीश नागर, ईश्वर सिंह तोमर, नगर पालिका का अध्यक्ष विनोद साहू, पूर्व जिला महामंत्री मनोज हाड़ा, मंडल अध्यक्ष मनीष जोशी, पूजा सोंधिया, जिला मीडिया प्रभारी आनंद त्रिपाठी, जिला सह-मीडिया प्रभारी जगदीश दास सहित भाजपा एवं युवा मोर्चा कार्यकर्ता बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

# 17 वर्षीय किशोर ने फांसी लगाई



**सुठालिया।** नगर के परलापुरा मोहल्ले में मंगलवार सुबह एक 17 वर्षीय किशोर ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना की सूचना मिलते ही क्षेत्र में हड़कंप मच गया। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार, परलापुरा निवासी अंशु वर्मा (17) पुत्र मनोज वर्मा, जो कक्षा 12वीं का छात्र था, ने मंगलवार को अपने घर के पीछे वाले कमरे में फांसी लगा ली।

जानकारी के अनुसार सोमवार रात अंशु अपने माता-पिता के साथ सोया था। सुबह करीब 4 बजे जब माता-पिता ने उसे बिस्तर पर नहीं पाया, तो तलाश करने पर वह पीछे के कमरे में फांसी के फंदे पर लटका मिला।परिजनों ने तत्काल पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलने पर थाना प्रभारी प्रवीण जाट पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने पंचनामा तैयार कर शव को कब्जे में लिया और पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेजा। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है। थाना प्रभारी प्रवीण जाट ने बताया कि मामले की सभी पहलुओं से जांच की जा रही है। किशोर के मोबाइल फोन और कॉल रिकॉर्ड्स की भी जांच की जाएगी, ताकि आत्महत्या के कारणों का पता चल सके। पुलिस ने प्रारंभिक रूप से मर्ग कायम कर विवेचना शुरू कर दी है। मृतक अंशु के पिता मनोज वर्मा नगर में लॉन्ड्री की दुकान चलाते हैं। परिजनों के अनुसार, अंशु पढ़ाई में सामान्य था और हाल के दिनों में किसी प्रकार का कोई विवाद सामने नहीं आया था। पुलिस का कहना है कि जांच पूरी होने के बाद ही आत्महत्या के वास्तविक कारण स्पष्ट हो पाएंगे।

# तीन दिवसीय नानी बाई का मायरा कथा का समापन शोभायात्रा के साथ संपन्न



**सारंगपुर।** श्री मनकामेश्वर महादेव मंदिर भूरी का मैदान प्रांगण में श्री गोपाल कृष्ण भजन मंडली के तत्वावधान में आयोजित तीन दिवसीय नानी बाई का मायरा कथा का समापन भक्तिमय वातावरण में शोभायात्रा के साथ हुआ। इस अवसर पर कथा वाचिका कविता दीदी राजगुरु ने प्रतिदिन प्रातः 8 से 12 बजे तक भक्तिभाव से कथा वाचन कर श्रद्धालुओं को भावविभोर किया। प्रत्येक दिवस कथा के बाद आरती एवं प्रसादी वितरण हुआ। अंतिम दिवस पर भजन मंडली की समस्त महिलाओं द्वारा भव्य शोभायात्रा निकाली गई। कथा एवं भजन-नृत्य कार्यक्रम देर रात्रि 1 बजे तक चलता रहा। भक्ति के इस उल्लासपूर्ण माहौल में वर्षा होने के बावजूद महिलाएं अंत तक डटी रहीं और उत्साहपूर्वक कार्यक्रम का समापन किया। इस मौके पर भजन मंडली की प्रमुख शकुंतला सोनी, गौराबाई राठौर एवं ललिता राठौर ने सफल आयोजन में सहयोग देने वाली सभी महिलाओं का आभार व्यक्त किया।

# सारंगपुर कृषि उपज मंडी के सामने रोड पर किसानों ने लगाया चक्का जाम

## पुलिस और प्रशासन की समझाइश के बाद खुला मार्ग

**सारंगपुर।** सोमवार को कृषि उपज मंडी सारंगपुर में किसानों ने सोयाबीन खरीदी में हो रही देरी के विरोध में जमकर प्रदर्शन किया और मंडी गेट के सामने भोपाल रोड पर चक्का जाम लगा दिया। किसानों का कहना था कि भावांतर भुगतान योजना के तहत निर्धारित समय पर खरीदी प्रक्रिया प्रारंभ नहीं की जा रही है, जिससे उन्हें भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। दोपहर से लेकर शाम 4 बजे तक भी खरीदी प्रारंभ न होने पर किसानों का आक्रोश बढ़ गया और उन्होंने मंडी परिसर में नारेबाजी करते हुए तत्काल खरीदी शुरू करने तथा नगद भुगतान की मांग की।

किसानों ने बताया कि आरटीजीएस के माध्यम से भुगतान में कई दिनों की देरी होती है, जिसके कारण उन्हें आर्थिक संकट झेलना पड़ता है। उन्होंने कहा कि मंडी में प्रतिदिन खरीदी के लिए लंबी कतारें लगती हैं, लेकिन निर्धारित समय सीमा में खरीदी न होने से उनका समय और श्रम दोनों बर्बाद हो रहा है। चक्का जाम की सूचना मिलने पर नायब तहसीलदार गोपाल सिंह चैहान,



पुलिस बल और मंडी प्रशासन मौके पर पहुंचे। प्रशासनिक अधिकारियों ने किसानों को समझाने की कोशिश की, लेकिन जब किसान अपनी मांगों पर अड़े रहे, तब पुलिस ने हस्तक्षेप कर जाम खुलवाया। बाद में मंडी सचिव राजेश खरे ने किसानों से चर्चा कर अधिकारियों के निर्देश पर तत्काल खरीदी प्रक्रिया प्रारंभ करवाई। खरीदी प्रारंभ होते ही किसानों ने अपना आंदोलन समाप्त कर दिया। देर शाम तक मंडी में खरीदी का कार्य सामान्य रूप से जारी रहा।



### कृष्ण कुंज में तीसरे दिन घने कोहरे के बीच किया योगाभ्यास

**नरसिंहगढ़।** संजय नगर स्थित कृष्ण कुंज में जारी निःशुल्क योग शिविर के तीसरे दिन मंगलवार सुबह घना कोहरा छाया रहा, बावजूद इसके योग साधकों ने पूरे उत्साह और मनोयोग के साथ योगाभ्यास किया। प्राणायाम, सूक्ष्म व्यायाम, सूर्य नमस्कार, योगिंग और जॉगिंग जैसे आसनों को साधक सहजता से करने लगे हैं। शिविर में प्रतिभागियों ने तीन दिनों के अपने अनुभव भी साझा किए। साधकों ने बताया कि योग करने से उन्हें अलग आनंद की अनुभूति हो रही है तथा जोड़ों के दर्द, डिप्रेशन व अन्य रोगों से लड़ने की क्षमता बढ़ रही है। आज के सत्र में मंजू लता शिवहरे, लक्ष्य भेद फिजिकल ग्रुप के संचालक मनीष चोपड़ा एवं भरत झंवर द्वारा दीप प्रज्वलन किया गया। योग शिक्षक महंत दीपेंद्र दास, प्रणपाल सिंह खींची, विवेक उपाध्याय व अशोक शिवहरे ने अपने 25 वर्षों के अनुभव साझा करते हुए विभिन्न क्रियाओं की विस्तृत जानकारी दी। लक्ष्य भेद फिजिकल ग्रुप के छात्र-छात्राओं ने भी बड़ी संख्या में भाग लिया।

# सहस्त्रबाहु जयंती पर निकला चल समारोह



**कुरावर।** रविवार दोपहर नगर में कलचुरी कलाल समाज द्वारा राजराजेश्वर भगवान श्री सहस्त्रबाहु अर्जुन की जयंती बड़ी ही धूमधाम से मनाई। सुबह समाज की धर्म शाला की जमीन पर टेंट लगाकर सभी सामाजिक बंधुओं द्वारा अपने आराध्य देव भगवान सहस्त्रबाहु की पूजन अर्चन की तथा सहस्त्रबाहु अर्जुन का भव्य रथ सजाकर नगर में शोभायात्रा निकाली गई। जिसमें समस्त कलचुरी समाजजन सम्मिलित हुए। शोभायात्रा के आगे डीजे, ढोल के साथ चल समारोह नगर के मुख्य बाजार से निकाला गया जिसका जगह जगह पर शोभायात्रा का पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। कार्यक्रम में समाज के बुजुर्ग लोंगो का साफा पहनाकर सम्मान किया। पत्रकारों का भी सम्मान किया गया। बच्चों ने रंगारंग प्रस्तुति दी और कविता और गीत भी प्रस्तुत किए तो किसी ने सहस्त्रबाहु जी के जीवन पर प्रकाश डाला। सभी ने एक दूसरे को गले मिलकर बधाई दी। आयोजन समिति के सभी साथियों ने अध्यक्ष शिव नारायण जायसवाल मार्गदर्शन एवं महिला मंडल की अध्यक्ष डोली शिवहरे के मार्गदर्शन में सुनियोजित सफल कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यक्रम 5 बजे तक चला कुरावर के अलावा आसपास के गाँवो के सामाजिक जन बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

खबर संक्षेप

## आबकारी उपनिरीक्षक पटेल बने सहायक जिला आबकारी अधिकारी



**देवास।** राज्य शासन ने आबकारी विभाग में फेरबदल करते हुए इंदौर में पदस्थ आबकारी उपनिरीक्षक महेश पटेल को देवास जिले में सहायक जिला आबकारी अधिकारी के पद पर पदस्थापना दी गई है। पटेल पूर्व में भी जिले में आबकारी उपनिरीक्षक के पद पर अपनी सेवाएं दे चुके हैं। जिले में उनकी नई भूमिका जिले के आबकारी व्यवस्थापन और राजस्व संग्रहण में रहेंगी।

## फरार आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**बागली।** थाना कमलापुर पुलिस द्वारा आपरेशन हवालात के तहत स्थाई वारंटी को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने 25 आर्म्स एक्ट अपराध में 5 वर्ष से फरार आरोपी को गिरफ्तार किया है। न्यायालय के प्रकरण क्रमांक 151/19 धारा आर्म्स एक्ट में 5 वर्षों से पुलिस गिरफ्त से फरार चल रहा था। स्थाई वारंटी आरोपी मनीराम पिता रूग्गा बंजारा उम्र 40 साल निवासी श्यालखेड़ी को इंदौर के राउ क्षेत्र से गिरफ्तार किया गया। आरोपी को काफी प्रयासो के बाद लगातार तकनीकी सहायता एवं मुखबिर की सूचना के आधार पर गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया जाएगा। कार्यवाही में उप निरीक्षक उपेंद्र नाहर, प्रधानारक्षक सत्यप्रकाश मिश्रा, प्रआर राजेंद्र शर्मा, अरुण वर्मा का योगदान रहा।

### रेलवे ओवरब्रिज में दोनों तरफ सर्विस रोड की मांग को लेकर दिया धरना

# तहसीलदार से बोले वरिष्ठ नागरिक, दोनों तरफ सर्विस रोड नहीं बना तो होंगे हादसे

एक दिवसीय सांकेतिक धरना प्रदर्शन में पहुंचे तहसीलदार को कलेक्टर के नाम सौंपा ज्ञापन।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर




ब्रिज कार्पोरेशन और रेलवे विभाग द्वारा हाऊसिंग बोर्ड कॉलोनी रेलवे क्रासिंग पर रेलवे ओवर ब्रिज का निर्माण किया जा रहा है। निर्माण कार्य के चलते कई अनियमित्ताएं की जा रही हैं। जिसको लेकर विभिन्न कॉलोनी के क्षेत्रवासियों ने पूर्व में भी सभी संबंधित विभागों में शिकायती ज्ञापन दे चुके हैं, लेकिन कोई सुनवाई नहीं होने के कारण ओवर ब्रिज रेलवे क्रासिंग के पास पं. दीनदयाल नगर, श्यामा प्रसाद मुखर्जी नगर, कृष्णा नगर, संतोष नगर और हाऊसिंग बोर्ड कॉलोनी फेस-2, बस्ती, शांति बिहार इत्यादि कॉलोनी के वरिष्ठ लोगों ने निर्माणाधीन ओवर ब्रिज के पास एक दिवसीय सांकेतिक धरना दिया।

धरना स्थल पर पहुंचे तहसीलदार ने निर्माणाधीन ओवर ब्रिज के दोनों तरफ सर्विस रोड को लेकर धरना स्थल पर उपस्थित लोगों के साथ ओवर ब्रिज का निरीक्षण किया। धरना स्थल पर उपस्थित नागरिकों ने तहसीलदार को कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपा। अरूण व्यास द्वारा ज्ञापन का वाचन किया गया। जिसमें मांग की गई है कि निर्माणाधीन ब्रिज के कारण क्रासिंग से भोपाल की ओर उत्तर दिशा स्थित लगभग 5 हजार कॉलोनीवासियों का एक मात्र पहुंच मार्ग बंद हो गया है, जिसका त्वरित समाधान आवश्यक है। कॉलोनीवासियों के सुगम तथा सुरक्षित आवागमन हेतु विभाग द्वारा पूर्व से कोई प्लानिंग नहीं की गई है, तथा एक स्तर हीन एवं अमानक पहुँच मार्ग बनाया गया जिससे आये दिन दुर्घटनाएं हो रही हैं। इसको मानक स्तर का बनाने हेतु निर्देश जारी किया जाए। ब्रिज से आने-दोनों तरफ सर्विस रोड निर्माण किया जाए। योजना की विस्तृत रिपोर्ट में भी बंद हो गए पहुंच मार्ग से उत्पन्न समस्या के समुचित समाधान का कोई जिक्र नहीं है, जिससे संबंधित विभाग की कार्यकुशलता पर प्रश्नचिन्ह लगता है। योजना की प्रशासनिक स्वीकृति में 760.60 मीटर लंबाई के ब्रिज के दोनों तरफ 850 मीटर अर्थात कुल 1700 मीटर 5.50 मीटर चौड़ाई की सर्विस रोड हेतु राशि रुपये 27693154/- प्लस 18 प्रतिशत जीएसटी स्वीकृत है। इस राशि का उपयोग अन्य किसी मद में न हो ऐसे निर्देश जारी किया जाए। योजना तैयार करने के पूर्व सर्विस रोड बनाने हेतु लेआउट तैयार होना चाहिये था जो नहीं किया गया। कृपया संबंधित विभाग से तत्काल सर्विस रोड का लेआउट तैयार करने के निर्देश जारी किया जाए। समिति के घनश्याम गुप्ता एवं मनोज गुजराती ने बताया कि प्रभावित कॉलोनियों के सुगम एवं सुरक्षित आवागमन हेतु, उक्त स्वीकृत राशि से सर्विस रोड का निर्माण होना है। कृपया इस राशि का अन्यत्र उपयोग न हो ये निर्देश जारी किया जाए। साथ ही इस हेतु प्रस्तावित लेआउट तत्काल तैयार करने हेतु संबंधित विभाग को निर्देश जारी किया जावे ताकि कॉलोनी वासियों को ब्रिज निर्माण के पहले सर्विस रोड निर्मित होकर सुगम एवं सुरक्षित आवागमन हेतु मार्ग मिल सके। बड़ी संख्या में कॉलोनी वासी धरने में उपस्थित रहे।




# बदहाल सिस्टमः रजिस्ट्री के लिए जाना पड़ता है देवास

### सप्ताह में एक बार आते हैं अधिकारी




हरिभूमि न्यूज ⏭ चापड़ा

बागली मुख्यालय पर संचालित एक मात्र उप पंजीयन कार्यालय भी अनदेखी का शिकार हो रहा है। जहां पर अव्यवस्था के चलते किसान परेशान हो रहे हैं। उक्त कार्यालय पर सप्ताह में एक बार ही रजिस्ट्री होती है, जिसके कारण क्षेत्र के किसानों को भूमि संबंधित कार्य एवं रजिस्ट्री के लिए परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। शासन द्वारा अस्थाई रूप से उप पंजीयन कार्यालय पर पंजीयक की नियुक्ति नहीं किए जाने के कारण रजिस्ट्री के कार्य प्रभावित हो रहे हैं। सोनकच्छ में पदस्थ अधिकारी को यहां का चार्ज दे रखा है जो की सप्ताह में एक बार ही बागली आते हैं।

जानकारी अनुसार उप पंजीयन कार्यालय बागली के अंतर्गत तीन तहसील आती है। जहां पर बागली, उदयनगर, हाटपिपल्या तहसील की रजिसट्रियां होती है, लेकिन विगत कई दिनों से यहां के हालात बदहाल है। स्थाई रूप से अधिकारी की नियुक्ति न होने के कारण रजिस्ट्री कराने के लिए देवास जाना पड़ता है। बागली मुख्यालय से देवास मुख्यालय की दूरी 60 किमी है। वर्तमान में बताया जा रहा है कि बागली में अधिकारी ना होने के कारण भूमि की रजिस्ट्री करने के लिए देवास जाना पड़ रहा है, क्योंकि यहां पर स्थाई अधिकारी न होने के कारण रजिस्ट्री के कार्य प्रभावित हो रहे हैं। उदयनगर से देवास की दूरी 100 किमी है। नियमित रजिस्ट्री नहीं होने के कारण बागली अनुविभाग के राजस्व राशि में भी गिरावट आ रही है। साथ ही बागली मुख्यालय पर बैठे स्टाम्प ड्यूटी वेंडर के काम भी प्रभावित हो रहे हैं। विगत दिनों मुख्यमंत्री भी बागली आए थे लेकिन किसी ने भी इस समस्या से मुख्यमंत्री को अवगत नहीं कराया। भाजपा जटाशंकर मंडल अध्यक्ष गोविंद यादव ने बताया कि उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा को इस समस्या से लिखित अवगत कराया गया है। जल्द ही समस्या का निराकरण किया जाएगा।

# पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय ने मनाया स्थापना दिवस

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय सीहोर में 38वें स्थापना दिवस का समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि के रूप में नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस विकास राठौर और विशेष अतिथि जिला पंचायत सीईओ सर्जना यादव ने मां शारदा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन के साथ किया। इस अवसर पर कु काशवी व्यास द्वारा सरस्वती नृत्याराधना प्रस्तुत की गई। विद्यालय की प्राचार्या पूजा श्रीवास्तव ने अतिथियों का स्वागत हरित पौधों के साथ ही स्मृति चिह्न देकर किया और उनके सम्मान में स्वागत भाषण देते हुए उनके प्रति आभार व कृतज्ञता ज्ञापित की तथा पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय सीहोर की गौरवगाथा व उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। प्राथमिक विभाग के बच्चों द्वारा अतिथियों के सम्मान में स्वागत गीत और विद्यालय गीत की अभिव्यंजना की गई. इस अवसर पर विद्यार्थियों ने सुंदर सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुतियाँ दी।



अतिथिद्वय ने विद्यार्थियों द्वारा लगायी गयी विज्ञान प्रदर्शनी का भी अवलोकन किया गया और नवाचार संबंधी मॉडल्स और परियोजनाओं की मुक्त कंठ से सराहना की। मुख्य अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष राठौर ने बच्चों को आशीर्वचन प्रदान करते हुए, विद्यालय के सत्र 2025 में कक्षा 12 वीं व 10 वीं के टापर्स को ट्रॉफी और प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया। साथ ही पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय सीहोर प्राचार्य पूजा श्रीवास्तव को सौ प्रतिशत परीक्षा परिणाम और सर्वोच्च उत्कृष्ट सूचकांक के लिए ट्रॉफी प्रदान कर अभिनंदन किया। वरिष्ठ रसायन शास्त्र शिक्षिका रचना गुप्ता को भी उनके विषय की सर्वोच्च अंक सूचकांक हेतु प्रमाणपत्र व ट्रॉफी से सम्मानित किया। मुख्य अतिथि ने बच्चों को बधाई और शुभकामनाएं देते हुए भविष्य में देश का नाम ऊंचा करने की अभिप्रेरणा दी। मंच संचालन का सफल दायित्व स्मिता भारती के मार्गदर्शन में नवीं एवं 11 वीं की छात्राओं क्रमशः कु पाखी सुमन व अंकिता राठौर ने निभाया। इस अवसर पर विद्यालय का समस्त शिक्षकवृंद उपस्थित रहा। समस्त कार्यक्रम के दौरान अनुशासन व्यवस्था बनाए रखने में सभी शिक्षकों ने अथक सहयोग प्रदान किया। अंत में वरिष्ठ अंग्रेजी शिक्षिका सोनिया वाजपेयी द्वारा आभार प्रदर्शन के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

# देवास बायपास मास्टर प्लान पर किसानों की आपत्ति

**देवास।** जिले में प्रस्तावित नए मास्टर प्लान को लेकर बायपास किनारे खेती करने वाले किसान चिंतित हैं। योजना में बायपास की 45 मीटर चौड़ी भूमि को साढ़े बावीस मीटर ग्रीन बेल्ट और साढ़े बावीस मीटर सर्विस रोड में विभाजित कर दिया गया है, जबकि बायपास पहले से 60 मीटर चौड़ा है। किसानों ने इस निर्णय का विरोध करते हुए मंगलवार को कलेक्टर कार्यालय पहुंचकर आपत्ति दर्ज कराने की मांग की। किसानों के प्रतिनिधिमंडल ने कलेक्टर को आवेदन सौंपा। इस दौरान किसानों ने कहा कि ग्रीन बेल्ट और सर्विस रोड के नाम पर उनकी उपजाऊ जमीन जा रही है। कलेक्टर ने किसानों को आपत्ति दर्ज कराने की प्रक्रिया समझाई और कहा कि प्रशासन उनकी आपत्ति पर नियमानुसार कार्रवाई करेगा। उन्होंने मदद का भी भरोसा दिया। पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष बहादुर मुकाती ने कहा कि नए मास्टर प्लान में 45 मीटर की जगह को दो भागों में बांट दिया गया है। उन्होंने कहा कि पहले 2023 में जब मास्टर प्लान प्रस्तावित हुआ था, तब दोनों ओर 45-45 मीटर ग्रीन बेल्ट रखी गई थी। अब 45 मीटर को साढ़े बावीस मीटर ग्रीन बेल्ट और साढ़े बावीस मीटर सर्विस रोड में बांट दिया गया है। इससे छोटे किसानों की जमीन पूरी तरह प्रभावित हो जाएगी। किसान अर्जुन चौधरी ने बताया कि पहले भी उन्होंने औद्योगिक क्षेत्र के लिए कम दामों में जमीन दी थी। अब नई योजना में बची हुई भूमि भी ग्रीन बेल्ट और सर्विस रोड में चली जाएगी। उन्होंने कहा अगर यह जमीन भी चली गई हमारे पास आजीविका का कोई साधन नहीं बचेगा।



# भाजपा सरकार ने हमेशा ही असहाय और गरीब लोगों के लिए कार्य किया हैः रायसिंह मेवाड़ा

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग मंत्रालय वल्लभ भवन भोपाल के निर्देशानुसार एवं जुवेनली जस्टिस कम्युनिटी हाई कोर्ट मध्यप्रदेश के परिपालन में प्रदेश के 1 से लेकर 18 वर्ष आयु के सभी दिव्यांग बच्चों का परीक्षण शिविर नपाध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा के मुख्य आतिथ्य में स्थानीय जनपद पंचायत भवन में आयोजित हुआ। इस अवसर पर नपाध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा ने शिविर को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा सरकार असहाय, गरीब व अल्प आय में अपना पालन-पोषण करने वाले नागरिकों की सेवा के लिए कृत संकल्पित है। सरकार द्वारा ऐसे नागरिकों के लिए विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का क्रियान्वयन कर लाभान्वित किया जा रहा है।

दिव्यांगजनों के लिए यह शिविर वास्तविकता में संजीवनी की तरह कारगर साबित होगा, क्योंकि दिव्यांग बच्चों को परीक्षण के लिए जिला अस्पताल तक ले जाना एक गरीब परिवार के लिए कठिन कार्य होता है। शिविर में जितने भी दिव्यांगजनों ने अपना परीक्षण करवाया है उन सभी को 30 नवंबर तक चिन्हांकित बच्चों को दिव्यांगता प्रमाण पत्र तथा यूडीआईडी नंबर दिया जाएगा, ताकि उन्हें शासन की पेंशन व अन्य योजनाओं का लाभ दिलाया जा सकें।



समग्र अधिकारी दीपाली सोलंकी ने जानकारी देते हुए बताया कि इस शिविर को सफल बनाने में महिला बाल विकास विभाग, स्कूल शिक्षा विभाग, जनजातीय कार्य विभाग, सामाजिक न्याय विभाग, पंचायत एवं ग्रामीण विकास, आयूष विभाग तथा लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग सम्मलित है जो अपने-अपने स्तर से शिविर का आयोजन कर नागरिकों को जागरूक करने का कार्य करते हुए ऐसे बच्चे जो 1 से 18 वर्ष तक की आयु प्राप्त कर चुके है और दिव्यांग है उन्हें लाभान्वित करने का काम कर रहे है। शिविर में अनेक लोगों ने भाग लेकर अपना दिव्यांगता का परीक्षण करवाया। इस अवसर पर नपाध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा, पार्षद कमलेश जैन, रवि शर्मा, डॉ. सलीम खान, समग्र अधिकारी दीपाली सोलंकी, धर्मेन्द्र दिसावरी, सुरेश सेन, सर्वेश भट्नागर, कुलदीप सोनी आदि उपस्थित थे।

# भगवान सहस्त्रबाहु की महाआरती में शामिल हुए लोग

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

स्थानीय सहस्त्रबाहु मंदिर प्रांगण सीवन नदी तट पर भगवान सहस्त्रबाहु के जन्म उत्सव के अवसर पर महाआरती का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कल्चुरी समाज के कार्यकारी अध्यक्ष प्रदीप बिजोरिया ने की।

इस अवसर पर राष्ट्रीय कलचुरी एकता महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष राकेश राय मुख्य अतिथि के रूप में रहे ।उन्होंने कहा कि भगवान हमारी सभी मनोकामना पूर्ण करते हैं। उन्हें सच्चे मन से याद करना जरूरी है। साथ ही कस्बा स्थित राय धर्मशाला में भी महाआरती संपन्न हुई। एवं सभी स्वजातीय बंधुओ ने भोजन प्रसादी ग्रहण की। साथ ही वरिष्ठ जनों का सम्मान एवं मेघावी छात्र छात्रों का सम्मान प्रशस्ति पत्र भेंट कर किया। मंदिर प्रांगण मे रंगोली बनाने वाली साक्षी जायसवाल एवं दीक्षा जायसवाल का सम्मान अंगवस्त्र ओढ़ाकर कर अतिथि द्वारा किया गया। प्रतिवर्ष भंडारा आयोजित करने वाले युवाओं का स्वागत सम्मान भी अंगवस्त्र ओढ़ाकर कर किया गया। जिसमें मुख्य रूप से देवराज राय, जस्सू राय, कृष्णा राय, प्रिंस राय, कान्हा राय, गोलू राय, हर्ष राय केशु राय आदि रहे इस अवसर पर कोषाध्यक्ष परमानंद राय, महामंत्री बेनी राय, रामेश राय, सुरेश राय लाइनमैन, मोहन राय बाबा, राजेंद्र बिजोरिया, ओमप्रकाश राय, कुमेर सिंह जायसवाल, राजेश जायसवाल, विमल राय, नर्बत सिंह जायसवाल, श्याम जायसवाल, गेंदालाल राय, डीके राय, अशोक जायसवाल, हीरालाल जायसवाल, भंवरलाल जायसवाल, मनोहर जायसवाल, लक्ष्मण सिंह चौकसे, राकेश राय, डॉ. विजेंद्र जायसवाल, कृष्णकांत बिजोरिया, ओम राय, सचिन राय, यशविन राय, मनीष जायसवाल सहित बड़ी संख्या में स्वजातीय बंधु उपस्थित रहे।



### जैन मंदिर में आठ दिवसीय नंदीश्वर द्वीप महामंडल विधान का आयोजन शुरू हुआ

# अहंकार से किया गया दान, पुण्य को नष्ट करता हैः सानंद सागर

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

दाता वही कहलाता है जो सात गुणों से युक्त हो। दान केवल वस्तु का त्याग नहीं, बल्कि आत्मा की शुद्धि का माध्यम है। दान तीन प्रकार के पात्रों उत्तम, मध्यम और जघन्य को दिया जाता है, परंतु सच्चा दान वही है जो श्रद्धा, करुणा और विनम्रता से बिना किसी अपेक्षा के किया जाए।

श्रद्धावान व्यक्ति सदैव अच्छाई को देखता है, जबकि मिथ्यादृष्टि व्यक्ति केवल बुराई में उलझा रहता है। सम्यकदृष्टि को मोक्ष का मार्ग दिखाता है, वहीं मिथ्यादृष्टि व्यक्ति को अधोगति की ओर ले जाती है। उक्त बातें नगर के श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन दिव्योदय अतिशय तीर्थ क्षेत्र किला मंदिर पर विराजमान आचार्य आर्जव सागर मुनिराज के शिष्य मुनिश्री सानंद सागर मुनिराज ने रत्नकरण्डक श्रावकाचार ग्रंथ का स्वाध्याय कराते हुए कहीं। आपने कहा कि मुनिराज और पंच परमेष्ठि को देखकर जिसका हृदय कमल की तरह खिल उठे, वही सच्चा सम्यकदृष्टि श्रावक है। उन्होंने समाज को सावधान करते हुए कहा कि आज "कदम-कदम पर ठगेलों की टोलियाँ घूम रही हैं, इसलिए श्रावक को विवेक पूर्वक और आगम के अनुसार धर्म का पालन करना चाहिए। मुनिश्री ने कहा कि श्रावक का कर्तव्य है कि वह मुनियों को मौसम और स्वास्थ्य के अनुसार शुद्ध आहार दें। दाता को अहंकार, क्रोध और कटु वचन से दूर रहना चाहिए। उन्होंने बताया कि श्रावक और साधु धर्मरथ के दो पहिए हैं,जिनके संतुलन से ही धर्म यात्रा सफल होती है। अंत में उन्होंने कहा कि आरम से रहित साधु को दिया गया आहार ही सच्चा दान है और श्रद्धा से किया गया दान ही आत्मा को मोक्ष की दिशा में अग्रसर करता है।



### नंदीश्वर द्वीप महामंडल विधान शुरू

29 अक्टूबर से 5 नवंबर तक श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन दिव्योदय अतिशय तीर्थ क्षेत्र किला मंदिर में आठ दिवसीय नंदीश्वर द्वीप महामंडल विधान का आयोजन श्री अष्टान्हिका महापर्व के पावन अवसर पर आचार्य विद्यासागर मुनिराज एवं समय सागर मुनिराज तथा आर्जव सागर मुनिराज के आशीर्वाद से परम पूज्य मुनिश्री सजग सागर जी एवं सानंद सागर के पावन सानिध्य तथा जयदीप जैन शास्त्री के कुशल निर्देशन में आयोजित किया गया। वहीं 2 नवंबर रविवार को दोपहर 1 बजे से संयमोपकण पिच्छिका परिवर्तन समारोह भी आयोजित किया गया है। कार्तिक शुक्ल सप्तमी 29 अक्टूबर से कार्तिक शुक्ल पूर्णिमा 5 नवंबर तक विधान के दौरान नित्य सुबह 7 बजे से श्रीजी का अभिषेक, शांति धारा, श्री नंदीश्वर द्वीप महामंडल विधान पूजन तथा मुनिश्री के आशीष वचन होंगे।

# कृषि उपज मंडी में हुई भारतीय किसान संघ की मासिक बैठक



हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

भारतीय किसान संघ जिला सीहोर की मासिक बैठक बुधवार को कृषि उपज मंडी में आयोजित की गई। बैठक में किसानों के विभिन्न समस्याओं पर चर्चा की। जिसमें राजस्व, बिजली, सहकारिता और कृषि विभाग से संबंधित समस्याएं प्रमुख रही। वर्तमान में चल रही रवि सीजन की तैयारी में किसानों को खाद और बीज में आ रही परेशानियों पर चर्चा हुई। उचित मूल्य पर खाद और गुणवत्ता पूर्ण बीज एवं निर्बाध और सतत रूप से बिजली की व्यवस्था हो भावांतर भुगतान में किसानों को किसी प्रकार की परेशानी ना हो कोई किसान इस योजना से वंचित न रहे। मंडी प्रशासन इस बात का विषय ध्यान रखें प्रशासन किसानों की समस्याओं को संवेदनशीलता से सुने एवं गंभीरता से निराकरण करें। तत्पश्चात संगठनात्मक कार्यक्रम के अंतर्गत हमारे वर्ष के प्रमुख चार उत्सव में 29 अक्टूबर से 12 नवंबर तक चलने वाला गौ माता पूजन का कार्यक्रम गोपाष्टमी के उपलक्ष में मनाया गया।